**इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स का मासिक न्यूज़लेटर** प्रति वर्ष 40/रुपये
(आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित संगठन)

# आईआईबीएफ विज़न

व्यावसायिक उत्कृष्टता
के प्रति प्रतिबद्ध

खंड सं. : 9 अंक सं. :4 नवम्बर,, 2016 पृष्ठों की सं 14

**दर्शन** (**विज़न**)**:** "बैंकिंग एवं वित्त के क्षेत्र में सक्षम व्यावसायिक विकसित और शिक्षित करना।

**ध्येय** (**मिशन**) **:** "प्राथमिक रूप से शिक्षण, प्रशिक्षण, परीक्षा, परामर्श / सलाह और निरंतर आधार वाले व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों की प्रक्रिया के माध्यम से व्यावसायिक रूप से सुयोग्य और सक्षम बैंकरों एवं वित्तीय व्यावसायिकों का विकास करना।"

**इस अंक में**

मुख्य घटनाएं ------------------------------------------------------------2
बैंकिंग से सम्बन्धित नीतियां ----------------------------------------------- 3
बैंकिंग जगत की घटनाएं---------------------------------------------------4
विनियामकों के कथन ---------------------------------------------------- 5
अर्थव्यवस्था ---------------------------------------------------------------5
नयी नियुक्तियां --------------------------------------------------------- 6
उत्पाद एवं गठजोड ------------------------------------------------------ 7
विदेशी मुद्रा -------------------------------------------------------------7
शब्दावली -------------------------------- --------------------- ------ 8
वित्तीय क्षेत्र की बुनियादी जानकारी ----------------------------------------8
संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियां ------------------------------------------ 9
संस्थान समाचार -------------------------------------------------------- 9
बाज़ार की खबरें -------------------------------------------------------- 12

"इस प्रकाशन में समाविष्ट सूचना / समाचार की मदें सार्वजनिक उपयोग अथवा उपभोग हेतु विविध बाह्य स्रोतों / मीडिया में प्रकाशित हो चुकी / चुके हैं और अब वे केवल सदस्यों एवं अभिदाताओं के लिए प्रकाशित की / किए जा रही / रहे हैं। उक्त सूचना / समाचार की मदों में व्यक्त किए गए विचार अथवा वर्णित / उल्लिखित घटनाएं सम्बन्धित स्रोत द्वारा यथा अनुभूत हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स समाचार मदों / घटनाओं अथवा जिस किसी भी प्रकार की सूचना की सच्चाई अथवा यथार्थता अथवा अन्यथा के लिए किसी प्रकार से न तो उत्तरदायी है, न ही कोई उत्तरदायित्व स्वीकार करता है।"

# मुख्य घटनाएं

## मौद्रिक नीति समिति ने दर में कटौती अनुमोदित की

नव-नियुक्त मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने अक्तूबर-मार्च के व्यस्त मौसम के प्रारंभ में नीतिगत दरें (वह दर जिस पर बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक से उधार लेते हैं) 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया है। 6.75% के स्थान पर 6.50% की पिछली कटौती अप्रैल की शुरुआत में हुई थी।

## ब्रिक्स साख श्रेणी निर्धारण एजेन्सी गठित करेगा

ब्रिक्स राष्ट्र (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) वैश्विक अभिशासन एवं वित्तीय संरचना को और सुदृढ़ बनाने हेतु बाज़ार-उन्मुख सिद्धांतों के आधार पर एक स्वतंत्र साख श्रेणी निर्धारण (rating) एजेन्सी स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। इसके पीछे निहित विचार है निष्पक्षता और समानता के आधार पर एक एजेन्सी रखने के इन राष्ट्रों के साझे विजन को समाकलित करना।

## विदेशी उद्यम पूंजी कम्पनियां भारतीय रिज़र्व बैंक की स्वीकृति के बिना गैर-सूचीबद्ध फर्मों में निवेश कर सकती हैं

अब विदेशी उद्यम पूंजी (VC) कम्पनियां उनके भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के पास पंजीकृत होने पर गैर-सूचीबद्ध भारतीय कम्पनियों में निवेश कर सकती हैं। यह निवेश जैव-प्रौद्योगिकी (biotechnology), सूचना प्रौद्योगिकी, सूक्ष्मातिसूक्ष्म (nano) प्रौद्योगिकी, बीज अनुसंधान एवं विकास, भेषज (फार्मास्युटिकल) क्षेत्र में नयी रसायन कम्पनियों के अन्वेषण, डेरी उद्योग, मुर्गी पालन, जैव-ईंधन के उत्पादन, 3000 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाले होटल-सह कन्वेंशन सेंटरों और मूलभूत सुविधा क्षेत्र सहित 10 विशिष्ट क्षेत्रों में किसी भी नवगठित (Start-up) कम्पनी या भारतीय कम्पनी में किया जा सकता है।

**भारतीय रिज़र्व बैंक ने विनियमित वित्तीय क्षेत्र में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने विदेशी मुद्रा अनिवासी-बैंक (FCNR-B) जमाराशियों की परिपक्वताओं के कारण 26 बिलियन अमरीकी डालर के बहिर्वाह के लिए उसके तैयार रहने के बावजूद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) नियमों को और अधिक उदार बनाते हुए भारत में विदेशी निवेश के विस्तार को व्यापक बना दिया है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों अथवा बीमा कम्पनियों को छोड़कर विनियमित वित्तीय सेवा कम्पनियों में स्वत: मार्ग के जरिये 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दे दी है और नव-गठित (start-up) उद्यमों में उद्यम पूंजी निधियों के प्रवेश के लिए नियमों को सरल बना दिया है। उसने बाह्य वाणिज्यिक उधार (ECB) विनियमों को भी सरल बना दिया है।

**सॉवरेन स्वर्ण बॉणडों की श्रृंखला**

सरकार ने बैंकों द्वारा जारी किए जाने वाले सॉवरेन स्वर्ण बॉण्डों की एक नयी श्रृंखला की घोषणा की है। ये 1 ग्राम की मूल इकाई वाले सोने के ग्राम/मों के गुणजों में मूल्यवर्गित हैं। सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड निर्गम पर ब्याज दर 2.6% प्रति वर्ष रखी गई थी, जो सितम्बर में भुगतान की गई पिछली श्रृंखला में 2.75% से कमतर है। इन बॉण्डों के लिए आवेदन 24 अक्तूबर और 2 नवम्बर के बीच स्वीकार किए गए थे। ये बॉण्ड अभिदान के लिए अभिहित बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कार्पोरशन, डाकघरों, राष्ट्रीय शेयर बाज़ार और बंबई शेयर बाज़ार में उपलब्ध थे। अभिदान व्यक्तियों, हिन्दू अविभक्त परिवारों, न्यासों, विश्वविद्यालयों और धर्मादा संस्थाओं सहित निवासी भारतीय कम्पनियों तक ही सीमित थे। बॉण्डों की कीमत अभिदान अवधि के पूर्ववर्ती सप्ताह के लिए इंडिया बुलियन एण्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित 999 की शुद्धता वाले सोने की अंतिम कीमत के साधारण औसत के आधार पर रुपयों में निर्धारित की जाएगी। इन स्वर्ण बॉण्डों का निर्गम मूल्य सामान्य मूल्य से 50% कम होगा। इन सॉवरेन स्वर्ण बॉण्डों का ध्येय भौतिक सोने (आयात के जरिये प्राप्त सहित) की मांग में कमी लाना तथा उसके साथ ही साथ भारत के चालू खाते के घाटे (CAD) को कम करना है।

## बैंकिंग से सम्बन्धित नीतियां

**भारतीय रिज़र्व बैंक ने स्टार्ट-अप कम्पनियों हेतु बाह्य वाणिज्यिक उधार दिशानिर्देश जारी किए**

बाह्य वाणिज्यिक उधार (ECB) ढांचे के तहत ऋण प्राप्त करने हेतु स्टार्ट-अपों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों में यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि स्टार्ट अप कम्पनियां प्रत्येक वित्त वर्ष में या तो रुपये में या फिर किसी भी परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में अथवा दोनों में सम्मिलित रूप से तीन वर्ष की न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधि के लिए 3 मिलियन अमरीकी डालर या उसके समतुल्य रकम उधार ले सकती हैं। किसी कम्पनी को बाह्य वाणिज्यिक उधार जुटाने की

तिथि को केन्द्रीय सरकार द्वारा स्टार्ट-अप के रूप में मान्यता प्राप्त होना चाहिए। बाह्य वाणिज्यिक उधार में ऋणदाता / निवेशक को किसी ऐसे देश का निवासी होना चाहिए जो या तो वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (FATF) का सदस्य हो या उसे वित्तीय कार्रवाई कार्यबल जैसे क्षेत्रीय निकाय का सदस्य होना चाहिए तथा उसे किसी ऐसे देश का निवासी नहीं होना चाहिए जो वित्तीय कार्रवाई कार्यबल के सार्वजनिक वक्तव्य में धन शोधन और आतंकवाद के वित्तीयन का मुकाबला करने के लिए पर्याप्त अधिकार क्षेत्र न रखने वाले देश के रूप में अभिज्ञात किया गया हो। भारतीय बैंकों की विदेशी शाखाओं / भारतीय बैंकों की सहायक कम्पनियों और विदेशों में स्थित पूर्णत: स्वाधिकृत सहायक कम्पनियों /भारतीय कम्पनी के संयुक्त उद्यम को इस ढांचे के तहत मान्यताप्राप्त ऋणदाता नही माना जएगा। यह उधार ऋणों, अपरिवर्तनीय या आंशिक रूप से परिवर्तनीय अधिमानी शेयरों में हो सकता है। इक्विटी में परिवर्तन की स्टार्ट-अप कम्पनियों में विदेशी निवेश के लिए लागू विनियमों की शर्त पर मुक्त रूप से अनुमति है।

### भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों के लिए सांविधिक चलनिधि अनुपात मानदंड सरल बनाए

भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह सूचित किया है कि बैंक 3 अक्तूबर से अपनी सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) अनुरक्षण की स्थिति का परिकलन करते समय स्वयं भारतीय रिज़र्व बैंक से अभिगृहीत सांविधिक चलनिधि अनुपात- पात्र (SLR-eligible) प्रतिभूतियों को शामिल कर सकते हैं।

### बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देश : आवास वित्त कम्पनियों के प्रति एक्सपोजर पर जोखिम-भार लागू करें

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों को यह सूचित किया है कि सभी आवास वित्त कम्पनियों (HFCs) के प्रति एक्सपोजरों को बासेल III पूंजी विनियमनों के तहत यथा-निर्धारित साख श्रेणी-निर्धारण एजेन्सियों के श्रेणी-निर्धारण के अनुसार ठीक उसी प्रकार जोखिम-भारित किया जाएगा जैसा कि कम्पनियों, कृषि वित्त निगमों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों- औद्योगिक वित्त निगमों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों-औद्योगिक विकास निगमों के मामले में किया जाता है।

### स्वर्ण बॉण्डों का उपयोग ऋणों के समक्ष संपार्श्विकों के रूप में किया जा सकता है

भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड सरकारी प्रतिभूति अधिनियम की धारा 3 के तहत जारी सरकारी प्रतिभूतिया (G-Secs) हैं और इसलिए वे प्रतिभूति के समक्ष गिरवी, दृष्टिबंधक अथवा धारणाधिकार सृजित कर सकती है अथवा उनका उपयोग किसी ऋण के लिए संपार्श्विक के रूप में किया जा सकता है।

## बैंकिंग जगत की घटनाएं

### भारतीय रिज़र्व बैंक ने लघु एवं भुगतान बैंकों के सम्बन्ध में दिशानिर्देश जारी किए

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भुगतान बैंकों और लघु वित्त बैंकों के लिए उनके व्यवसाय के भिन्न स्वरूप और वित्तीय समावेशन पर संकेन्द्रण को ध्यान में रखते हुए अलग परिचालनातमक दिशानिर्देश जारी किया है। तदनुसार, दोनों ही प्रकार के बैंकों के लिए नये मानदंडों में निम्नलिखित का समावेश है :

न्यूनतम पूंजी - 15%

सामान्य इक्विटी टियर : 1 -  6%

अतिरिक्त टियर : 1 - 1.5%

न्यूनतम टियर - 1 और टियर - 2 पूंजी : 7.5% प्रत्येक

पूंजी संरक्षण का सुरक्षित भंड़ार : 7.5%

### बैंक बोर्ड ब्यूरो बैंकों की पूंजी जुटाने, रणनीतियां तैयार करने में सहायता कर सकता है

बैंकों के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने के अलावा अब बैंक बोर्ड ब्यूरो (BBB) उनकी पूंजी जुटाने तथा कारोबारी रणनीतियां तैयार करने में भी सहायता करेगा। इसके अतिरिक्त, बैंक बोर्ड ब्यूरो सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के निदेशक मंडल में शामिल निदेशकों के कार्यकाल में विस्तार अथवा सेवाओं की समाप्ति के सम्बन्ध में सलाह भी प्रदान करेगा।

## विनियामकों के कथन

### भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने सार्वजनिक धनराशि जुटाने वाले मूलभूत सुविधा निवेश न्यासों के लिए प्रकटन मानदंड जारी किए

मूलभूत सुविधा निवेश न्यासों (InvITs)) वाले ढांचे को अधिक स्पष्टता प्रदान करते हुए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने उन प्रकटनों को प्रकाशित किया है जिन्हें मूलभूत सुविधा निवेश न्यासों को सार्वजनिक धनराशि जुटाने से पहले करना आवश्यक है। इनमें वित्त, सम्बन्धित पक्ष के लेनदेनों और बाज़ार में विगत  कार्य-निष्पादन का समावेश है। मूलभूत सुविधा निवेश न्यासों से यह उद्दिष्ट है कि वे निजी मूलभूत सुविधा परियोजनाओं के लिए जनता से धनराशि पारस्परिक निधि की भांति जुटाएं। प्रस्ताव प्रलेख में प्रस्ताव की तिथि से तत्काल पहले पूरे हुए पिछले तीन वित्त वर्षों की

अवधि के लिए तुलनपत्रों, नकदी प्रवाहों एवं लाभ-हानि विवरणों सहित वित्तीय सूचना शामिल होगी। इसके अतिरिक्त, मूलभूत सुविधा निवेश न्यास के प्रायोजक को सम्बन्धित पक्ष के लेनदेनों से सम्बन्धित मुद्दे के पूरे होने से पहले और उसके बाद प्रतिबद्धताओं, आकस्मिक देयताओं तथा प्रति इकाई अर्जनों, कुल ऋण, निवल मालियत तथा ऋण-इक्विटी अनुपातों को प्रकट करना होगा। सम्बन्धित पक्ष के विवरण और मूलभूत सुविधा निवेश न्यास के साथ उसके सम्बन्ध, लेनदेन के स्वरूप, लेनदेन के मूल्य तथा मूल्य-निर्धारण रिपोर्ट का सारांश संलग्न किए जाने चाहिए। इन प्रलेखों में ऋण के भुगतान के इतिवृत्त और विवरणों के सम्बन्ध में प्रबन्धन के विश्लेषण का भी आवश्यक रूप से समावेश होना चाहिए। प्रत्येक मूलभूत सुविधा निवेश न्यास / निवेश प्रबन्धक स्वयं अपने लिए निवल वितरणीय नकदी प्रवाहों और कुल प्रतिलाभों का उचित मूल्य पर निर्धारण करेगा।

# अर्थव्यवस्था

### अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए 7.6% की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि के पूर्वानुमान को बनाए रखा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपनी वैश्विक आर्थिक संभावना में यह पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्थाओं में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के कृषि क्षेत्र में प्रतिक्षेप की प्रत्याशाओं, उपभोग को बढ़ावा देने वाली सिविल सेवा के वेतन में वृद्धियों, निर्यात से अधिकाधिक रूप से सकारात्मक योगदानों तथा मध्य अवधि में निजी निवेश में पुनरुत्थान द्वारा समर्थन पाकर 2016-17 में 7.6% की दर से वृद्धि के पूर्वनुमान के साथ सर्वाधिक तीव्र गति से बढ़ने का क्रम जारी रहेगा।

# नयी नियुक्तियां

| नाम | पदनाम / संगठन |
|---|---|
| श्री परवेज़ अहमद | जम्मू एण्ड कश्मीर बैंक के अध्यक्ष सह मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में नियुक्त |
| श्री आर. सुब्रमणिया कुमार | इंडियन ओवरसीज बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त |
| श्री राजीव ऋषि | 2016-17 की अवधि के लिए भारतीय बैंक संघ के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित |

# उत्पाद एवं गठजोड़

| **संगठन** | **जिस संगठन के साथ गठजोड़ हुआ** | **उद्देश्य** |
|---|---|---|
| अमैजॉन | येस बैंक | व्यापक वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने हेतु। |
| स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक | उबेर | छः देशों के क्रेडिट कार्ड धारकों को उबेर ऐप से टैक्सियां लेने के लिए 25% तक की नकदी वापसी प्रदान करने हेतु। |
| आईसीआईसीआई बैंक | इमीरेट्स एनबीडी | ब्लॉक-चेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार वित्त और विप्रेषण में कुछेक लेनदेन करने हेतु। |

# विदेशी मुद्रा

**अक्तूबर, 2016 माह के लिए लागू होने वाली विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) जमाराशियों की न्यूनतम दरें**

| मुद्रा | 1 वर्ष | 2 वर्ष | 3 वर्ष | 4 वर्ष | 5 वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 1,01540 | 1.11670 | 1.20000 | 1.27200 | 1.35710 |
| जीबीपी | 0.45290 | 0.6414 | 0.7139 | 0.7935 | 0.8685 |
| यूरो | -0.17300 | -0.157 | -0.098 | -0.048 | -0.024 |
| जापानी येन | 0.01130 | -0.013 | -0.018 | -0.015 | -0.005 |
| कनाडाई डालर | 1.03000 | 0.948 | 0.997 | 1.049 | 1.100 |
| आस्ट्रेलियाई डालर | 1.78800 | 1.820 | 1.900 | 2.170 | 2.230 |
| स्विस फ्रैंक | -0.62500 | -0.626 | -0.588 | -0.526 | -0.472 |
| डैनिश क्रोन | -0.00250 | -0.0460 | 0.1120 | 0.1980 | 0.2715 |
| न्यूजीलैंड डालर | 2.12520 | 2.195 | 2. 290 | 2.386 | 2.481 |
| स्वीडिश क्रोन | -0.52100 | -0.458 | -0.336 | -0.172 | -0.006 |
| सिंगापुर डालर | 1.20000 | 1.400 | 1.550 | 1.670 | 1.780 |
| हांगकांग डालर | 0.91000 | 1.030 | 1.180 | 1.290 | 1.380 |
| म्यामार | 3.37000 | 3.370 | 3.430 | 3.500 | 3.570 |

**वर्ल्डलाइन ने बैंक ऑफ भूटान के लिए पूर्व-प्रदत्त मुद्रा (करेंसी) कार्डों की शुरुआत की**

यूरोपीय भुगतान एवं लेनदेनपरक सेवाओं के अग्रणी वर्ल्डलाइन [यूरोनेक्स्ट : विन] ने बैंक ऑफ भूटान (BOB) के लिए एक पूर्व-प्रदत्त मुद्रा / यात्रा (Currency/ Travel) कार्ड की शुरुआत करते हुए भूटान तक अपना विस्तार कर लिया है। यह कार्ड भूटान के नागरिकों को भारतीय रुपये वाली मुद्रा में उपलब्ध होगा। यह बैंक ऑफ भूटान द्वारा आरंभ किया गया और रॉयल मानिटरी अथारिटी ऑफ भूटान द्वारा लाइसेंसीकृत पहला पूर्व-प्रदत्त कार्ड है।

**विदेशी मुद्रा की प्रारक्षित निधियां**

| **मद** | **28 अक्तूबर, 2016 के दिन** | **28 अक्तूबर, 2016 के दिन** |
|---|---|---|
| | बिलियऩ रुपये | मिलियन अमरीकी डालर |
| | 1 | 2 |
| 1.1 कुल प्रारक्षित निधियां | 24, 472,1 | 367, 157.1 |
| 1.2 विदेशी मुद्रा आस्तियां | 22, 790.7 | 3,41 ,944.6 |
| 1.3 सोना | 1, 426.9 | 21, 406.3 |
| 1.4 विशेष आहरण अधिकार | 97.7 | 1, 461.6 |
| 1.5 अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में प्रारक्षित निधि की स्थिति | 156.8 | 2, 344.6 |

## शब्दावली

### बैंक बोर्ड ब्यूरो

बैंक बोर्ड ब्यूरो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अभिशासन में सुधार लाने, सरकार द्वारा स्वाधिकृत बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के प्रमुखों के चयन की सिफारिश करने और बैंकों की रणनीतियां तथा पूंजी बढ़ाने से सम्बन्धित योजनाएं तैयार करने में सहायता करने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित एक स्वायत्त निकाय है।

## बैंकिंग क्षेत्र की बुनियादी जानकारी

### एकीकृत भुगतान अंतरापृष्ठ (UPI)

एकीकृत भुगतान अंतरापृष्ठ (UPI) एक ऐसी प्रणाली है जो कतिपय बैंकिंग विशेषताओं को िसीवन-रहित निधि प्रेषण और व्यापारी भुगतानों, अनेक बैंक खातों को मलाते हुए एक एकल मोबाइल अनुप्रयोग (किसी भी सहभागी बैंक के) में एक ही स्थिति में ला देती है। यह "पियर टू पियर" कलेक्ट अनुरोध की उस जरूरत को भी पूरा करती है, जिनका आवश्यकता के अनुसार नियोजन और भुगतान किया जा सकता है।

# संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियां

### दिसम्बर, 2016 माह के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्रम सं. | कार्यक्रम का नाम | तिथिं | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | वसूली प्रबन्धन | 5-12-16- 7-12-16 | मुंबई |
| 2 | अल्प लागत वाली जमा के लिए विपणन रणनीति | 14-12-16 -15-12-16 | मुंबई |

# संस्थान समाचार

### 33वां सर पुरषोत्तमदास ठाकुरदास स्मारक व्याख्यान

भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर श्री आर गांधी ने 24 नवम्बर, 2016 को सायं 5.00 बजे बैंक ऑफ इंडिया सभागृह, बान्द्रा-कुर्ला संकुल, मुबई 400 052 में **"पायोनियरिंग बेस्ट प्रैक्टिसेज इन बैंकिंग : इंडियाज रिकार्ड"** विषय पर 33वां पुरषोत्तमदास ठाकुरदास स्मारक व्याख्यान देने हेतु सहमति प्रदान की है।

### महा प्रबन्धक -मानव संसाधन बैठक

संस्थान राष्ट्रीय बैंक प्रबन्धन संस्थान (NIBM) और बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान ( IDRBT) के साथ संयुक्त रूप से बैंकों / वित्तीय संस्थाओं के मानव संसाधन एवं प्रशिक्षण प्रमुखों की एक बैठक का आयोजन मुंबई में कर रहा है। उक्त बैठक शुक्रवार, 9 दिसम्बर, 2016 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 5.30 बजे तक हमारे लीडरशिप सेंटर, कोहिनूर सिटी, कॉमर्सियल II टॉवर-I, 3री मंजिल, किरोल रोड, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग के सामने, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई - 400 070 में आयोजित की जाएगी।

## चेन्नै, बेंगलूर, मंगलूर और हैदराबाद में सीएआईआईबी के लिए संपर्क कक्षाएं

चेन्नै स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैंस चेन्नै, बेंगलूर, मंगलूर और हैदराबाद में सीएआईआईबी के लिए संपर्क कक्षाओं का संचालन करेगा। अधिक जानकारी के लिए www.iibf.org..in देखें।

## नई दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद, जबलपुर, भोपाल, नवी मुंबई और नागपुर में जेएआईआईबी के लिए संपर्क कक्षाएं

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैंस, मुंबई जेएआईआईबी / डीबीएण्डएफ के लिए नई दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद, जबलपुर, भोपाल, नवी मुंबई और नागपुर में संपर्क कक्षाओं का संचालन करेगा। पंजीकरण पहले आए, पहले पाए आधार पर किया जाएगा। उक्त कक्षा केवल न्यूनतम 20 अभ्यर्थियों के नामांकन पर ही संचालित की जाएगी और अधिकतम सीमा 35 अभ्यर्थियों की होगी। अधिक जानकारी के लिए www.iibf.org..in देखें।

## जेएआईआईबी / डीबीएण्डएफ और सीएआईआईबी नवम्बर / दिसम्बर 2016 के लिए 90 घण्टों वाली तैयारी की कक्षाएं - उत्तरी अंचल, पूर्वी अंचल एवं दक्षिणी अंचल के व्यावसायिक विकास केन्द्र

उत्तरी अंचल, पूर्वी अंचल और दक्षिणी अंचल के व्यावसायिक विकास केन्द्र जेएआईआईबी / डीबीएण्डएफ और सीएआईआईबी नवम्बर / दिसम्बर 2016 की परीक्षाओं के लिए 90 घण्टों वाली तैयारी की कक्षाओं का संचालन करेंगे। अधिक जानकारी के लिए www.iibf.org.in देखें।

## बैंक क्वेस्ट और आईआईबीएफ विज़न के लिए अभिदानों का ऑनलाइन मोड में स्वीकार किया जाना

संस्थान ने 1 जुलाई, 2016 से बैंक क्वेस्ट और आईआईबीएफ विज़न के लिए अभिदान को एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से ऑनलाइन मोड में संग्रहीत करने और मांग ड्राफ्ट के माध्यम से अभिदान स्वीकार करने की प्रथा बंद करने का निर्णय लिया है। यह अभिदान केवल एक वर्ष के लिए स्वीकार किया जाएगा। अन्य पक्ष द्वारा भुगतान नहीं स्वीकार किया जाएगा। घरेलू अभिदाताओं / संगठनों से अनुरोध है कि वे अभिदान का भुगतान ऑनलाइन मोड के माध्यम से सीधे ही करें। विदेशी अभिदाताओं के मामले में अभिदान हेतु आवेदन के मोड में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। विदेशी अभिदाता आवेदन पत्र हेतु publications@iibf.org.in. पर प्रकाशन विभाग को लिख सकते हैं। घरेलू अभिदाता / संगठन ऑनलाइन मोड में अभिदान के भुगतान के लिए कृपया आईआईबीएफ की वेबसाइट www.iibf.org.in. पर Online Registration / Services पृष्ठ देखें।

## सेवा कर की नई दर

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग ने 1 जून, 2016 से किसी भी या सभी करयोग-य सेवाओं पर 0.5% कृषि कल्याण उपकर की वसूली किए जाने की सूचना दी है। सेवा कर की प्रभावी दर 14% +0.5% (स्वच्छ भारत उप कर) + 0.5% (कृषि कल्याण उप कर) = 15.00%। तदनुसार संस्थान ने सभी शुल्कों में इस परिवर्तन को शामिल कर लिया है।

## आगामी अंकों के लिए बैंक क्वेस्ट की विषय-वस्तुएं

बैंक क्वेस्ट के आगामी अंकों  की विषय-वस्तुएं इसप्रकार निर्धारित की गई हैं :

- अक्तूबर - दिसम्बर, 2016 : डिजिटल बैंकिंग
- जनवरी - मार्च, 2017 : व्यवसाय विश्लेषण
- अप्रैल - जून, 2017 : मूलभूत सुविधा वित्तीयन में चुनौतियां

## अपने ग्राहक को जानिए / धन-शोधन निवारण और ग्राहक सेवा परीक्षा

संस्थान अप्रैल, 2016 के बाद से अपने ग्राहक को जानिए / धन-शोधन निवारण और ग्राहक सेवा परीक्षा का आयोजन तिमाही आधार पर करेगा। अधिक जानकारी के लिए www.iibf.orgin देखें।

## परीक्षा के लिए दिशानिर्देशों / महत्वपूर्ण घटनाओं की निर्धारित तिथि

संस्थान द्वारा किसी कैलेंडर वर्ष के मई / जून माह के दौरान आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के सम्बन्ध में प्रश्नपत्र में समावेश के लिए विनियामक द्वारा जारी अनुदेशों / दिशानिर्देशों और बैंकिंग एव वित्त के क्षेत्र में केवल पिछले वर्ष के 31 दिसम्बर तक की महत्वपूर्ण घटनाओं पर ही विचार किया जाएगा।

संस्थान द्वारा किसी कैलेंडर वर्ष के नवम्बर / दिसम्बर माह के दौरान आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के सम्बन्ध में प्रश्नपत्र में समावेश के लिए विनियामक द्वारा जारी अनुदेशों / दिशानिर्देशों और बैंकिंग एव वित्त के क्षेत्र में केवल पिछले वर्ष के 30 जून तक की महत्वपूर्ण घटनाओं पर ही विचार किया जाएगा।

**नयी पहलकदमी**

वार्षिक रिपोर्ट ई-मेल के जरिये भेजने के लिए सदस्यों से अनुरोध है कि वे संस्थान के पास अपने ई-मेल पते अद्यतन करवा लें तथा वार्षिक रिपोर्ट ई-मेल के जरिये प्राप्त करने हेतु अपनी सहमति भेज दें।

---

* भारत के समाचार पत्र पंजीकार (रजिस्ट्रार) के पास आरएनआई संख्या : 69228 /1998 के अधीन पंजीकृत

---

## बाज़ार की खबरें

### भारित औसत मांग दरें

6.5
6.45
6.4
6.35
6.3
6.25
6.2
6.15
6.1

मई, 2016, जून, 2016, जुलाई, 2016, अगस्त,2016, सितम्बर, 2016, अक्तूबर, 2016

**स्रोत : भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड न्यूज़लेटर, 2016**

## भारतीय रिज़र्व बैंक की संदर्भ दरें

100
90
80
70

60
50
अमरीकी डालर -- जीबीपी -- यूरो -- येन

मई, 2016, जून, 2016, जुलाई, 2016, अगस्त, 2016, सितम्बर, 2016, अक्तूबर, 2016
**स्रोत : भारतीय रिज़र्व बैंक** (**RBI**),

## खाद्येतर ऋण वृद्धि %

9,9
9.8
9.7
9.6
9.5
9.4
9.3
0.2
9.1
9
8.9

अप्रैल, 2016, मई, 2016, जून, 2016, अगस्त,2016, सितम्बर, 2016, अक्तूबर, 2016
**स्रोत : भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड, मंथली इकॉनॉमिक रिव्यू, अक्तूबर, 2016**

## बम्बई शेयर बाज़ार सूचकांक

29000
28500
28000
27500
27000
26500
26000

मई, 2016, जून, 2016, जुलाई, 2016, अगस्त, 2016, सितम्बर, 2016, अक्तूबर, 2016

**स्रोत : बम्बई शेयर बाज़ार (BSE)**

## समग्र जमा वृद्धि %

10
9.5
9
8.5
8
7.5

अप्रैल, 2016, मई, 2016, जून, 2016, अगस्त, 2016, सितम्बर, 2016

**स्रोत: भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड, मंथली इकॉनॉमिक रिव्यू, अक्तूबर, 2016**

डॉ. जे. एन. मिश्र द्वारा मुद्रित, डॉ. जे. एन. मिश्र द्वारा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स की ओ
प्रकाशित तथा ऑनलुकर प्रेस, 16 सासून डॉक, कोलाबा, मुंबई - 400 018 में मुद्रित एवं इंडियन इंस्टिट्यूट अ
एण्ड फाइनैन्स, कोहिनूर सिटी, कॉमर्शियल- II,, टॉवर -1, 2री मंजिल, किरोल रोड,कुर्ला (पश्चिम), मुंबई -400
प्रकाशित।

**संपादक : डॉ. जे. एन. मिश्र**

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स
कोहिनूर सिटी, कॉमर्शियल- II, टॉवर -1, 2री मंजिल, किरोल रोड, कुर्ला (पश्चिम)
मुंबई - 400 070
टेलीफोन : 91-22 2503 9604 / 9607 फैक्स : 91-22-2503 7332
तार : INSTIEXAM ई-मेल : iibgen@bom5 vsnl.net.in.
वेबसाइट : www.iibf.org.in.

# आईआईबीएफ विज़न नवम्बर, 2016